केकड़ी नवज्योति

सरकारी खरीद की अवधि 30 जून तक बढ़ाने की मांग

किसान महापंचायत ने उठाई आवाज, अवधि कम होने किसान परेशान

सरवाड़। कृषि उपज मंडी स्थित खरीद केंद्र परिसर में शुक्रवार को किसान महापंचायत राजस्थान की ओर से किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बालूराम भीचर ने की। बैठक में सरकारी खरीद की अवधि कम होने से किसानों को हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई। बालूराम भीचर ने बताया कि इस वर्ष खरीद अवधि को 90 दिन से घटाकर केवल 60 दिन 25 मई तक किया है। अवधि कम होने के कारण बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर तेज धूप में लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। किसानों के मन में यह आशंका भी बनी हुई है कि तय समय सीमा में उनकी उपज की तुलाई हो पाएगी या नहीं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में अपनी उपज लेकर सरवाड़ मंडी पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि खरीद अवधि को 30 जून तक बढ़ाने की मांग को लेकर कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को अवगत कराया गया है।

सरवाड़। तुलाई के लिए कटे बढाने व अन्य समस्या को लेकर समिति व्यवस्थापक से चर्चा करते हुए किसान। - ओमप्रकाश आचार्य

साथ ही 60 दिन की खरीद अवधि के आदेश को लेकर किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। बैठक के दौरान किसानों ने सरवाड़ क्रय-विक्रय सहकारी समिति के व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार मीणा को तुलाई संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए कटि बढ़ाने की मांग की। इस पर व्यवस्थापक मीणा ने तुलाई व्यवस्था बढ़ाने का आश्वासन दिया। बैठक में जगदीश जाट, रामेश्वर माली, शंकर लाल माली, नंदलाल, कानाराम, रामलाल, शिवराज, दयाराम, धनराज, रामराज, शैतान, परमेश जाट, विजयपाल, लक्ष्मी नारायण, मनराज, करतार और सुरेश सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान महापंचायत की ओर से किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

600 टोकनों की तुलाई बाकी

किसान नेता भीचर ने बताया कि इस वर्ष तुलाई के लिए 1892 टोकनों का पंजीयन हुआ है, जिनमें से 1831 किसानों को मैसेज भेजे जा चुके हैं। अब तक 1209 टोकनों की तुलाई हो चुकी है, जबकि करीब 600 टोकनों की तुलाई अभी बाकी है।

जिला बहाली की मांग को लेकर पद मार्च 18 को

बार एसोसिएशन का मिला समर्थन

केकड़ी। केकड़ी जिला बहाली की मांग को लेकर 18 मई को सावर से जयपुर तक प्रस्तावित पदमार्च को जिला बार एसोसिएशन केकड़ी ने अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। यह पदमार्च सावर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विश्वजीत सिंह शक्तावत के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कुमावत ने बताया कि केकड़ी जिले की पुनः बहाली को लेकर क्षेत्र में पिछले कई महीनों से लगातार जनआंदोलन चल रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आमजन के सहयोग से जिला बहाली की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रत्येक माह की 28 तारीख को "ब्लैक डे" (काला दिवस) मनाकर सरकार के समक्ष विरोध दर्ज करवाया जाता है।

आज विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

देवली । 33/11 केवी रीको जीएसएस पर आवश्यक कार्य हेतु जीएसएस से जुड़े क्षेत्र की विद्युत सप्लाई शनिवार को प्रातः 8:15 बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियन्ता ने बताया कि रिको सब स्टेशन के अधीनस्थ सभी क्षेत्र रिको, अझसेन नगर, जयपुर चुंगी नाका, इंडियन पब्लिक स्कूल के पास, प्रताप नारायणी एवं आसपास के क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

सच्ची भक्ति हर परिस्थिति में प्राप्त कराती है भगवान की कृपा

चारभुजानाथ मंदिर में कथावाचक दाधीच ने विभिन्न प्रसंग सुनाए

केकड़ी। कथा में भागवत भगवान की आरती करते श्रद्धालु। -सुरेंद्र जोशी

केकड़ी। पुरानी केकड़ी स्थित अति प्राचीन श्री चारभुजानाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में शुक्रवार को कथावाचक पंडित कवि बुद्धिप्रकाश दाधीच ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कथावाचक पंडित दाधीच ने कहा कि हिरण्यकश्यप का प्रसंग केवल अहंकार के विनाश की कथा नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन को यह संदेश देता है कि जब मनुष्य स्वयं को ईश्वर से बड़ा मानने लगता है, तब उसका पतन निश्चित हो जाता है। उन्होंने भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति हर परिस्थिति में भगवान की कृपा प्राप्त कराती है। अजामिल प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का स्मरण मनुष्य के जीवन को पवित्र बना देता है। यदि अंतिम समय में भी हृदय से प्रभु का स्मरण हो जाए, तो ईश्वर अपनी करुणा बरसाने में विलंब नहीं करते। कथा के दौरान "नारायण-नारायण" के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। वृत्रासुर प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए पंडित दाधीच ने बताया कि जब देवराज इंद्र महर्षि दधीचि की अस्थियों से निर्मित दिव्य वज्र लेकर युद्धभूमि में पहुंचे, तब वृत्रासुर ने उस वज्र में भगवान विष्णु की शक्ति का दर्शन किया। उन्होंने कहा कि वृत्रासुर ने उस वज्र को विनाश का अस्त्र नहीं, बल्कि महर्षि दधीचि के त्याग, तपस्या और प्रभु कृपा के प्रतीक रूप में प्रणाम किया। पंडित दाधीच ने कहा कि श्रीमद्भागवत का यही दिव्य संदेश है कि सच्चा भक्त बाहरी रूप से कैसा भी दिखाई दे, उसका अंतःकरण सदैव भगवान में ही स्थित रहता है। कथा के साथ प्रस्तुत भजनों श्रद्धालु भावमग्न होकर नृत्य करते नजर आए। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पुण्यार्जक हीरावंद खुंटेटा दंपति ने व्यास पीठ की पूजा-अर्चना कर विशेष धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। कार्यक्रम में उद्योगपति सुभाष कटारिया, संजय कटारिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सांसद मीणा ने की जनसुनवाई

देवली । टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरिश्चंद्र मीणा शुक्रवार को देवली प्रवास पर रहे। सांसद ने स्थानीय बीसलपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। तत्पश्चात नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान शहर अध्यक्ष सौरभ जिंदल, टीकम चंद सेन, पार्षद रामनिवास मीणा, सत्यनारायण सरसडी, भीमराज जैन, पूर्व प्रधान गणेश राम सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व सांसद गत रात्रि को शहर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल बलसोरा के निजी कार्यक्रम समेत कई कार्यक्रमों में शामिल हुए।

एबीआरएसएम ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भिनाय । उपखंड कार्यालय के बाहर गुरुवार को शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालयीशिक्षा) खंड भिनाय द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन के तहत गुरुवार को शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला सभाध्यक्ष धर्मीचंद माली, जिला सचिव अर्जुन खींची, जिला संगठन मंत्री तारांचंद प्रजापत, खंड अध्यक्ष गोविंदराम जांगिड़, खंड मंत्री राजू लाल माली, खंड कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश डोरिया, देवेंद्र कुमार सांखला, अजय कुमार धावाई, घीसा लाल गुर्जर, अनिल कुमार राव, दिनेश वैष्णव, पारस मल वैष्णव, रत्नसिंह कुमार जांगिड़ सहित सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

वायब्रेंट एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

केकड़ी। वायब्रेंट एकेडमी के विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास एवं व्यावहारिक ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से तबीजी स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र तथा अजमेर डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। तबीजी रिसर्च सेंटर में वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानों, उन्नत बीजों की किस्मों, फसल उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, मिट्टी परीक्षण तथा जैविक खेती के महत्व के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने प्रयोगशालाओं में संचालित विभिन्न परीक्षणों का अवलोकन कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों का दल अजमेर डेयरी पहुंचा, जहां डेयरी प्रबंधन द्वारा उनका स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को दूध संग्रहण से लेकर परीक्षण, शुद्धिकरण, प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। डेयरी अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित जानकारियां भी साझा कीं। विद्यालय के मुख्य प्रबंधक डॉ. महेन्द्र सिंह डूडी ने बताया कि शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नवाचारों के महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें भविष्य में अनुसंधान एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

नशे के खिलाफ मजबूत एक्शन प्लान बनाने की मांग

भिनाय। नशे के खिलाफ मजबूत एक्शन प्लान बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी को ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश आचार्य ने बताया कि राजस्थान के हर जिले में लाखों की संख्या में युवक नशे के आदी हो चुके हैं। इस नशे के नासूर को रोकने के लिए सरकार मजबूत एक्शन प्लान बनाएं। ज्ञापन में एनडीपीएस एक्ट की लचर धाराओं को मजबूत धाराओं में बदलने, सरकारी एजेंसियों को मजबूती देकर जवाबदेही तय करने, खुफिया तंत्र को मजबूत करने, एक्टिव मुखबिरों को प्रोत्साहित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने, नशे के कारोबार से अवैध रूप में कमाई गई चल अचल संपत्ति को जब्त करने सहित विभिन्न मांगें रखी गई है। ज्ञापन में पंचायत समिति भिनाय के निर्वतमान प्रधान सम्मतराज लोढ़ा, भाजपा जिला महामंत्री सुभाष वर्मा, ग्राम विकास मंच भिनाय के प्रकाश आचार्य सहित सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

शिविर में 110 यूनिट रक्त संग्रहित

बिजयनगर । श्री अग्रसेन मंडल बिजयनगर के तत्वावधान में शुक्रवार को होटल एन चन्द्रा पैलेस परिसर में स्वर्गीय सत्यनारायण अग्रवाल एवं स्वर्गीय आशा अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित शिविर में रामस्नेही ब्लड बैंक, भीलवाड़ा के सहयोग से 110 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। अग्रसेन मंडल अध्यक्ष विजय बिंदल और मंडल के सूचना मंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि शिविर में मंडल कार्यकर्ताओं और रामस्नेही ब्लड बैंक की टीम का विषेश योगदान रहा।

मिश्रा बने कांग्रेस जिला महासचिव

भिनाय। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के अनुमोदन के पश्चात संगठन महासचिव ललित तुनवाल द्वारा ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी की घोषित की गई कार्यकारिणी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व भिनाय के भूतपूर्व सरपंच कैलाश चंद मिश्रा को जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर का महासचिव नियुक्त किया गया है। जिससे क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। मिश्रा ने नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व सहित मसूदा पूर्व विधायक राकेश पारीक, कांग्रेस नेता संग्राम सिंह गुर्जर का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

नर्सेज सप्ताह के समापन पर नर्सिंग स्टाफ का सम्मान

केकड़ी। एमएलडी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस एवं नर्सेज सप्ताह-2026 का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम के अतिथि बीसीएमओ केकड़ी ब्लॉक डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कहा कि नर्सिंग सेवा मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण सेवाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कर्मी मरीजों की सेवा, देखभाल एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा समाज को स्वस्थ बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। विशिष्ट अतिथि राजकीय चिकित्सालय केकड़ी के सेवानिवृत्त नर्सिंग अधीक्षक राम गोपाल वर्मा एवं राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र बडोला रहे। संस्थान के निदेशक अनिरुद्ध दुबे एवं प्राचार्य सुनील साहू ने माल्यार्पण एवं मोमेंटो भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। प्राइवेट नर्सिंग

एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा का भी मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. अनिराज दुबे ने सभी अतिथियों एवं नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त करते कहा। अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा 100 से अधिक राजकीय चिकित्सालयों से आए नर्सिंग स्टाफ एवं कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसरों का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों ने किया सामूहिक ध्यान-योग

सरवाड़। विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में हिमालयीन समर्पण ध्यान योग संस्कार परिवार के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 600 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ध्यान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही विश्व ध्यान दिवस मनाने की आवश्यकता तथा विद्यार्थियों के जीवन में ध्यान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर श्री शिवकृपानंद स्वामी की वीडियो क्लिप के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को ध्यान का अभ्यास भी करवाया गया। ऑनलाइन माध्यम से राजश्री उजनारा, पायल मेवाड़ा, अनिता सोनी, वैशाली भार्गव एवं लोचन शर्मा ने शिविर को संबोधित करते हुए ध्यान योग के महत्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रभारी तेजमल हरवानी, हितेश हरवानी एवं हीरालाल लाल ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान राममूर्ति पारीक, सुरेश लोहार, रामअवतार साहू, मोहनलाल चौधरी, पवन पारीक, लालचंद राताबाल, सुनीता उपाध्याय, आदित्य दाधीच, मधु बाकलीवाल सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

योग-प्राणायाम शिविर का शुभारंभ

सरवाड़। गांधी उद्यान में शुक्रवार को भारत विकास परिषद के अभिरूचि शिविर के अंतर्गत सात दिवसीय योग-प्राणायाम शिविर का शुभारंभ किया गया। परिषद के अध्यक्ष विजय कुमार शारदा ने बताया कि योग प्रशिक्षक मोनिका जैन ने महिला मंडल की सदस्यों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने महिलाओं से प्रतिदिन कुछ समय योग और ध्यान के लिए निकालने का आह्वान किया, ताकि वे स्वयं स्वस्थ रहकर परिवार और समाज को भी स्वस्थ बनाने में योगदान दे सकें। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन योगासन, ध्यान एवं प्राणायाम की विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एचएलबी 4 में स्व जनगणना शत प्रतिशत पूर्ण

बिजयनगर । जनगणना अभियान 2027 के अन्तर्गत बिजयनगर पालिका क्षेत्र में एचएलबी क्रमांक 4 की स्वजनगणना का कार्य शत प्रतिशत पूरा हो गया है। नगर जनगणना अधिकारी एवं पालिका ई ओ प्रतापसिंह भाटी ने बताया कि पालिका कर्मचारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने आमजन को प्रेरित करते हुए प्रत्येक परिवार को जागरूक किया तथा स्वजनगणना का कार्य शत प्रतिशत पूरा किया। इस कार्य में फील्ड ट्रेनर लोकेश कुमार व अशोक कुमार का सहयोग रहा।

अपराध समाचार

गट्टानी लायंस क्लब के अध्यक्ष मनोनित

बिजयनगर लायंस क्लब बिजयनगर की बैठक में राजेश गट्टानी को सर्व सम्मति से क्लब का अध्यक्ष चुना गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. एके विश्वास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की। सर्व सम्मति से राजेश गट्टानी को अध्यक्ष, महावीर शास्त्री का सचिव, आशुतोष माहेश्वरी को कोषाध्यक्ष, विमल कोठारी व सुधीर शर्मा को उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों को विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपा गया। बैठक में उपस्थित क्लब सदस्यों ने नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर धमाल फैलोशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नव मनोनित पदाधिकारियों के अतिरिक्त क्लब सदस्य राधेगोपाल खण्डेलवाल, सुधीर गोयल, नवीन सोनी, विजय अरोड़ा, राजेश तोषनीवाल, विश्वनाथ पाराशर, राजेन्द्र धनोरिया, श्रवण नागौरी, अजय शर्मा, अनिल आचार्य, राजकुमार बिन्दल सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

प्याऊ का शुभारम्भ

बिजयनगर । भारत विकास परिषद की ओर से शुक्रवार को विश्वकर्मा मन्दिर के सामने अस्थाई रूप से स्थापित पानी की प्याऊ का शुभारंभ किया गया। परिषद शाखा अध्यक्ष ज्ञानचन्द नाहर ने बताया कि इस अवसर पर परिषद पदाधिकारी विमल कोठारी, वीरचन्द जैन, पूर्व पार्षद खेमराज गुर्जर, साहब शरण आचार्य, राजेन्द्र कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बुरड़ बने लायंस क्लासिक अध्यक्ष

बिजयनगर । लायंस क्लब क्लासिक की बैठक में सर्व सम्मति से रोहित बुरड़ क्लब अध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर अन्य अधिपेक बावेल को सचिव, गौतम भलावत को कोषाध्यक्ष, त्रिलोक मुन्दड़ा, अर्पित मित्तल को उपाध्यक्ष चुना गया। क्लब सदस्यों ने नवीन कार्यकरिणी के पदाधिकारियों एवं क्लब के रीजन चेयरपर्सन संजय महावर का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

लुणावत जिला महासचिव, कछावा जिला सचिव मनोनित

बिजयनगर । बिजयनगर। ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर गठित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में बिजयनगर निवासी पीउल लुणावत को जिला महासचिव व तरूण कच्छावा को जिला सचिव पद पर नियुक्ति दी है। उन्होंने दोनों को कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा- केकड़ी, जिला अजमेर (राज.) फोन: 01467-220147, मो. 8094007041; ई-मेल. Kekri@bankofbaroda.com

परिशिष्ट-IV क [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]
अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

अधिनियम हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का कब्जा प्राधिकृत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए "जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति–दाता का विशेष गिरवी रखने वाले गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई–नीलामी की दिनांक एवं समय, अग्रिम धनराशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

बारिशों, गिरवी रखने वाले एवं गारन्टरों के नाम एवं पते- वेंकटा हीरा लक्ष्मण नरेलमाल एण्ड कंपनी प्रोप. श्री प्रकाश चन्द जैन पुत्र श्री जय कुमार जैन (भ्रष्णी)
1. श्री 18, न्यू मण्डी गढ़ केकड़ी जिला अजमेर (राज.), 2. लाल चंद मार्बल केकड़ी, अजमेर (राज.) श्री विमल कुमार जैन पुत्र श्री जय कुमार जैन (गारन्टर) 1. लाल चंद मार्बल केकड़ी (राज.), 2. रमेश ने. 4. जैन कॉलोनी-2, दे दा राला केकड़ी (राज.), 3. सतीश किराना, मेन मार्केट केकड़ी, अजमेर (राज.)
श्री प्रदीप कुमार जैन पुत्र श्री प्रकाश चन्द जैन (गारन्टर) 105, सतीश कुंज लाल चंद मार्बल केकड़ी (राज.)
श्रीमती प्रकुलता देवी जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द जैन (गारन्टर) 278, लाल चंद मार्बल, केकड़ी (राज.)

ऋणराशि– विभागश्च नोटिस दिनांक:– 18.07.2024, रू. 2,00,05,501.14/ दिनांक 11/07/2024 तक ब्याज शामिल करते हुए आगे का ब्याज, मुल्य व अन्य खर्च इत्यादि:
अग्रिम बकाया राशि:– रू. 2,00,05,901.14/ दिनांक 11/07/2024 तक ब्याज शामिल करते हुए आगे का ब्याज, लागत, मूल्य, व अन्य खर्च इत्यादि

अचल की विधि– भौतिक कब्जा

सम्पत्ति के निरीक्षण का दिनांक व समय– 27/05/2026; दोपहर 12.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक
ई–नीलामी की दिनांक व समय:– 04/06/2026; दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक
(प्रत्येक 10 मिनट की अवधि्त समाप्तिवृद्धि के साथ)
सरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक 03/06/2026; समय दोपहर 01.00 बजे तक

शाखा कार्यालय का पता	प्रतिभूत धन/अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि
सम्पत्ति संख्या - 1:– (अ) श्रीमती प्रकुलता देवी जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द जैन की आवासीय सम्पत्ति 1/391, जगपोहन नगर, बड़ा तालाब केकड़ी जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 210.4254 वर्ग मीटर (2265 वर्ग फिट) चतुर्ष सीमाएं:- पूर्व में: शान्ति देवी का मकान, पश्चिम में: जयकरण कुमार, उत्तर में जय कुमार जैन का मकान, दक्षिण में विमल कुमार जैन। (ब) श्री प्रदीप कुमार जैन पुत्र श्री प्रकाश चंद जैन की आवासीय सम्पत्ति 1/391 (2), जगपोहन नगर, बड़ा तालाब केकड़ी जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 82.4166 वर्ग मीटर (887.12 वर्ग फिट) चतुर्ष सीमाएं:- पूर्व में: नगर पालिका भूमि, पश्चिम में: नगर पालिका भूमि, उत्तर में: कमल कुमार का पगर्ट, दक्षिण में नगर पालिका भूमि। (स) श्री प्रकाश चन्द जैन पुत्र श्री जय कुमार जैन की आवासीय सम्पत्ति 1/391 (3), जगपोहन नगर, बड़ा तालाब केकड़ी जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 146.42 वर्ग मीटर (1576.05 वर्ग फिट) चतुर्ष सीमाएं:- पूर्व में: शान्ति देवी का मकान व रास्ता, पश्चिम में: गुलाब जी का मकान, उत्तर में मानक चन्द का मकान, दक्षिण में: कमल कुमार मोतिया का पगर्ट। (द) श्रीमती प्रकुलता देवी जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द जैन की आवासीय सम्पत्ति 1/391 (4), जगपोहन नगर, बड़ा तालाब केकड़ी जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 80.66 वर्ग मीटर (868.25 वर्ग फिट) चतुर्ष सीमाएं:- पूर्व में: नगर पालिका भूमि, पश्चिम में: जयकरण कुमार राना का मकान, उत्तर में: मकान विमल कुमार पुत्र जय कुमार जैन, दक्षिण में: बड़ा तालाब नगरपालिका भूमि। ऋण भार- ज्ञात नहीं	आरक्षित मूल्य रू. 38,48,310/- अग्रिम धनराशि रू. 3,84,831/- बोली वृद्धि राशि रू. 20,000/-

नोट:- उपरोक्त अ,ब,स एवं द सम्पत्तियों पर आवासीय सम्पत्ति संयुक्त एक्ट बनी हुई है इसलिए खातें की संयुक्त रूप से नीलामी की जावेगी।

विक्रय के विक्रय और शर्तों के बारे में जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाईट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://BAANKNET.com). इसके अलावा सम्पत्तिय बीओबीएल शाखा से फोन न. (01467-220147, Mob: 8094007041 पर सम्पर्क कर सकते है।
SCAN HERE for Details
दिनांक: 15.05.2026; स्थान: केकड़ी
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
DNJ-397385